# 17 स्मार्ट सिटी का सेंट्रल कमांड कंट्रोल सेंटर शुरू

माई सिटी रिपोर्टर

## नगर विकास मंत्री ने किया लोकार्पण, नागरिकों को मिल सकेंगी बेहतर सुविधाएं

लोकार्पण करते मंत्री आशुतोष टंडन गोपाल। -संवाद

लखनऊ। प्रदेश के सभी 17 स्मार्ट सिटी शहरों की निगरानी के लिए निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय में बनाया गया सेंट्रल कमांड कंट्रोल सेंटर बुधवार से शुरू हो गया। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन गोपाल ने उसका लोकार्पण किया। इसके निर्माण पर 23.78 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

**23.78**
करोड़ रुपये आया है खर्च

इस मौके पर नगर विकास मंत्री ने कहा कि इस सेंटर का मुख्य उद्देश्य सभी स्मार्ट एजेंसियों के बीच तालमेल बैठाते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना है। जिससें ट्रैफिक मैनेजमेंट, परिवहन, वायु गुणवत्ता व नगरीय सुविधाएं शामिल हैं। इस नए सेंट्रल कमांड कंट्रोल सेंटर से वे सात शहर जुड़ जाएंगे, जिनको प्रदेश सरकार ने स्मार्ट सिटी बनाया है। इनमें गोरखपुर, अयोध्या, शाहजहांपुर, मेरठ, फिरोजाबाद, मथुरा और गाजियाबाद है। लखनऊ सहित जो दस शहर केंद्र सरकार ने घोषित किए थे, उनमें वहां पर ही कमांड कंट्रोल सेंटर बनाए गए हैं। उनको सेंट्रल कमांड से लिंक किया गया है। प्रदेश में जो कमांड कंट्रोल सेंटर बनाए गए हैं, उनके जरिये कोविड महामारी में हॉस्पिटल मैनेजमेंट, हॉटस्पॉट की निगरानी व हैलो डॉक्टर की सेवा दी गई। महाकुंभ में कमांड कंट्रोल सेंटर उपयोगी साबित हुआ। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव रजनीश दुबे, स्मार्ट सिटी मिशन निदेशक इंद्रमणि त्रिपाठी व सचिव नगर विकास अनिल कुमार व अमृत मिशन निदेशक अनुराग यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### लोकार्पण और शिलान्यास

इसके अलावा नगर विकास मंत्री ने 20.38 करोड़ की लागत वाले 45 कार्यों का लोकर्पण-शिलान्यास किया। जिसमें शंकरपुरवा द्वितीय व तृतीय, लोहिया नगर, बेगम हजरत महल, कॉल्विन कॉलेज, पेपर मिल, चिनहट, राजीव गांधी प्रथम व द्वितीय, इस्माइलगंज व इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड की मलिन बस्तियों में डूडा द्वारा कराए जाने वाले 38 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। गायत्रीपुरम में 4.04 करोड़ की लागत से तालाब सौंदर्यीकरण कार्य प्रमुख रूप से शामिल है।